## महत्वपूर्ण एवं खास

### युवक ने हाई वोल्टेज तार को पकड़ कर दी अपनी जान

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम कोतासुरा में एक युवक ने हाई वोल्टेज तार को छू कर अपनी जान दे दी है। घटना आज सुबह करीब 5 बजे की है। युवक का नाम माखन यादव पिता तुलाराम यादव उम्र 30 वर्ष है। बताया जा रहा है कि बीति रात पति पत्नी के बीच मामूली विवाद हुआ था। जिसके बाद देर रात को ही माखन अपने घर से बाहर निकल गया था और गांव के दूसरे मोहल्ले मे जाकर परमानंद के घर के छप्पर पर चढ कर गली में लगे तार को अपने दोनो हाथों से पकड लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुसौर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को नीचे उतारा। वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है।

### आरमुड़ा में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम आरमुड़ा में आज सुबह एक महिला ने तालाब के पास बरगद पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला का नाम चंपाबाई साव है। बताया जा रहा है कि महिला की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### कांग्रेस के नाम से जनता हुई कंफ्युज, बदलेगा अजीत जोगी की पार्टी का नाम



**रायपुर।** हो सकता है अजीत जोगी की पार्टी का नाम जल्द ही बदल जाये! JCCJ यानि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी को लगता है कि उन्हें इस दफा चुनाव में बड़ा नुकसान उनके दल के नाम में कांग्रेस शब्द लिखा जाने की वजह से हुआ है। खुद अजीत जोगी ने आज प्रेस कांफ्रेंस में इस बात को स्वीकार किया, अगर उनकी पार्टी में कांग्रेस शब्द ना जुड़ा होता, तो शायद परिणाम कुछ और होता और कांग्रेस इतनी भारी बहुमत हासिल नहीं करती। अजीत जोगी ने कहा कि पार्टी नाम बदलने को लेकर जल्द ही एक बैठक बुलायेगी, जिसमें नाम बदलने को लेकर आम सहमति के बाद फैसला होगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा एक क्षेत्रीय पार्टी को मान्यता मिली है, गठबंधन ने 7 सीटें जीतीं, अकलतरा, चंदरपुर और तखतपुर जैसी 7 अन्य सीटों में बहुत कम अंतर से दूसरे स्थान पर रही और 15 सीटों में हमारे उम्मीदवारों को 30प्रतिशत से ज्यादा वोट मिला। कम से कम 11 में से 2 लोकसभा सीटों में- जाँजगीर और बिलासपुर- हमारे पास दोनों राष्ट्रीय दलों की तुलना में अधिक वोट शेयर है। कुल मिलाकर, अब हमें राज्य के लगभग 14प्रतिशत मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।

जोगी ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए ये कोई छोटी उपलब्धि नहीं है- जिसे 2 साल से भी कम समय पहले बनाया गया था; जिसे केवल दो महीने पहले चुनाव चिन्ह मिला था और जिसके पास दोनों राष्ट्रीय पार्टियों, जिनके पास हजारों करोड़ों रुपए का फ़ंड है, उनकी तुलना में हमने इस चुनाव में मात्र 1प्रतिशत से भी कम खर्च किया। बावजूद, अगर सत्तारूढ़ बीजेपी केवल 15 सीटों पर सिमट गयी।

# किसानों के खाते में कांग्रेस सरकार वापस करेगी 11 अरब 63 करोड़ रूपये

## धान मूल्य के अंतर की रकम भी मिलेगी


छत्तीसगढ़ शासन
सहकारिता विभाग
: मंत्रालय :
महानदी भवन, अटल नगर, जिला-रायपुर
: आदेश :

**रायपुर।** कर्जमाफी के आंकड़े जारी करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस नेतृत्व वाली भूपेश बघेल सरकार ने अपने पहले ही आदेश में राज्य के 16 लाख 45 हजार किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा कर दी है, लेकिन अब कांग्रेस सरकार उन किसानों को भी राशि अदा करेगी, जो अपनी उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बेचकर कर्ज की राशि पहले ही अदा कर चुके हैं। ऐसे किसानों को अब सरकार को उनके बैंक खाते में राशि भेजकर 11 अरब 63 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने पड़ेंगे।

कांग्रेस सरकार बनने से पहले ही भूपेश बघेल व टी.एस. सिंहदेव ने प्रेस काँफ्रेंस लेकर साफ किया था कि धान बेचने वाले किसानों के अदा किए गए कर्ज की राशि भी वापस की जाएगी। हालांकि नई सरकार ने किसानहित में जो फैसले लेने की प्रक्रिया शुरू की है, उसमें इस मामले को लेकर कोई परेशानी नहीं है। जब तक खाते में रकम न आ जाए, तब तक किसानों को इंतजार रहेगा। साथ ही धान बेचने वाले किसानों को मूल्य के अंतर की राशि भी वापस की जाएगी।

प्रदेश में अब तक 27 लाख 54 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान बेच चुके हैं, किसानों को पूर्व सरकार के हिसाब से करीब 1750 रुपए प्रति क्विंटल का रेट मिला है। कांग्रेस ने धान का मूल्य 2500 रुपए देने की बात कही है। जो किसान पुराने मूल्य पर धान बेच चुके हैं, उन्हें अब मूल्य के अंतर की राशि भी दी जाएगी। छत्तीसगढ़ में ज्यादातर किसानों ने सहकारी क्षेत्रों के बैंको व उससे जुड़ी सोसाइटियों से कर्ज लिया है। प्रदेश में सहकारी क्षेत्रों की 263 बैंक शाखाओं से कर्ज लेने वाले किसानों ने जब सोसाइटियों में धान बेचा, तो उनके कर्ज की राशि काटकर धान का मूल्य दिया गया है। धान बेचने वाले किसानों से सहकारी बैंकों 14 अरब 48 करोड़ 99 लाख 26 हजार रुपए से अधिक राशि लेनी है। इस राशि की डिमांड किसानों पर निकली है। धान बेचने वाले किसानों से अब तक 11 अरब 63 करोड़ 21 लाख रुपए से अधिक की राशि वसूल की जा चुकी है। यही राशि किसानों को अब वापस की जानी है। इसके बाद भी अभी किसानों पर सहकारी बैंकों को 285 करोड़ रुपए वसूलना शेष है। यह राशि जिन किसानों के सिर पर कर्ज है, उसे सरकार ने माफ कर दिया है।

## ऋण माफ हेतु इस शर्त के आधीन जारी हुआ आदेश

छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग के द्वारा ऋण माफी को लेकर एक आदेश जारी किया है जिसमें कहा गया है 30 नवंबर 2018 तक प्रदेश के सभी सहकारी बैंक व ग्रामीण बैंक से लिए गए अल्पकालीन ऋण माफ किए जाएंगे। इसमें वह किसान भी आएंगे जो 1 नवंबर 2018 से 30 नवंबर 2018 के बीच लिंकिंग के माध्यम से या नगद रूप से ऋण चुका चुके हैं उनके ऋण भी माफ किए जाएंगे। यानी जो किसान अपनी ऋण की राशि को लिंकिंग के माध्यम से या नगद रूप से चुकाया है वह राशि भी माफी योग्य के दायरे में आएंगे । छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आते ही पहला कदम किसानों की ऋण माफी का उठाया था और इस पर तेजी से काम भी शुरू हो गया है । छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग ने इसे लेकर एक आदेश भी जारी कर दिया है ऐसे में किसानों के ऋणों को लेकर चली आ रही ऊहापोह की स्थिति भी समाप्त हो गई है।

### सावित्री नगर में खुदकुशी के इरादे से हाई वोल्टेज पोल पर चढ़ा युवक

**जुटमिल पुलिस के जवानों ने बचाई युवक की जान**



**रायगढ़।** रायगढ़ शहर के जुटमिल चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सावित्री नगर में उस समय अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया, जब एक युवक जान देने के इरादे से एक हाई वोल्टेज बिजली के पोल पर चढ़ गया जिसकी सूचना मिलती ही तत्काल जुटमिल पुलिस के जवान मौके पर दमकल के साथ पहुंच गये और रेस्क्यू कार्य में लग गए। लेकिन यहाँ उन्हें दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि सुसाईड के इरादे से बिजली के खम्भे पर चढ़ा युवक अचानक से हमलावर ही गया और रेस्क्यू कर रहे पुलिस के जवानों पर धातु के मोटे तार से ताबड़तोड़ हमला करने लगा, बावजूद इसके पुलिस के जवानों से दिलेरी व चतुराई का परिचय देते हुए किसी तरह युवक को काबू को करते हुये उसे सही सलामत खम्भे से नीचे उतारा । युवक की पहचान सारंगढ़ निवासी घनश्याम बरिहा के रूप में की गई है। जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया है।

### लामीदरहा में हुए युवक की हत्या के मामले का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रेस कांफ्रेंस में एडिशनल एसपी हरीश राठौर ने किया मामले का खुलासा**

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम लामीदरहा में हुए युवक की हत्या के मामले में पुलिस दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुराने विवाद को लेकर दोनों आरोपियों ने 15 व 16 दिसंबर की दरम्यानी रात आमापाल में रहने वाले डोरीलाल चौहान उम्र 38 वर्ष का लामीदरहा और आमापाल के बीच लकड़ी से सिर में ताबड़ तोड़ वार कर हत्या कर दी थी। वहीं हत्या के बाद साक्ष्य छूपाने के उद्देश्य से शव को नाली में छिपा दिये थे। हत्या के पहले तीनों ने एक साथ बैठकर लामीदरहा में शराब पीये थे।

मृतक डोरीलाल चौहान उड़ीसा सीमेंट लिमिटेड में गार्ड का काम करता था। पकड़े गये आरोपियों के नाम आनंद चौहान 35 वर्ष व राजेश पटेल 60 वर्ष निवासी डोंगरीडीपा आमापाल है। प्रेस कांफ्रेंस में एडिशनल एसपी हरीश राठौर ने उक्त मामले का खुलासा किया ।

### धरमजयगढ़ क्षेत्र में फिर हुई हाथी की मौत



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ क्षेत्र में आज फिर से एक हाथी की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार छाल रेंज में ग्राम पुरूँगा के पास खेत में आज सुबह एक नर हाथी मृत अवस्था में मिला है। बताया जा रहा है कि खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए बिजली के तार के संपर्क में आने से हाथी की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंत गई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा शैक्षणिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्य ... पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com


सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL
**CAREER SCHOOL**
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Tarun 90% Yamini 98%
Shraddha 93% Priyanka 96%
Prerna 84% Hitendra 99%
Akanksha 90% Geetanjali 99%
Chetna 94% Arpita 93%
Arpita 98% Rakesh 97%
Sejal 88% Shiva 97%



Topper Students Last Session

Sushant 92% Prince 97%
Kusum 98% Abhishek 99%
Aayush 93% Prachi 97%
Tulika 96% Pari 96%
Aradhya 97% Ananya 99%
Ashish 96% Ankita 99%
Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

**तत्काल आवश्यकता है**
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480